# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class:** 6 **3rd Lang.** | **Department: Hindi** | **Date :** |
| **Question bank and Grammar** | **Topic-** केरल की शोभा (कविता) | **Note: Please complete your work.** |

## प्रश्नोत्तर

क. केरल में किन मसालों के बागान हैं?

उत्तर= केरल में इलायची, जायफल, लौंग और मिर्च के बागान हैं|

ख. केरल क्यों प्रसिद्ध है?

उत्तर= केरल नारियल की उपज, कथकली और मोहनी अट्टम नृत्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने के कारण प्रसिद्ध है|

ग. कौन-सा त्योहार केरल में नई बहार लेकर आता हैं?

उत्तर= ओणम त्योहार केरल में नई बहार लेकर आता है|

घ. तिरुअनंतपुरम कहाँ की राजधानी है?

उत्तर= तिरुअनंतपुरम केरल की राजधानी है|

ङ. केरल के प्रसिद्ध त्योहार कौन-से हैं?

उत्तर= केरल के प्रसिद्ध त्योहार पूरम पर्व और ओणम हैं|

च. "सागर तट की सुंदरता, सबका मन हर लेती है|" ये पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?

उत्तर= ये पंक्तियाँ 'केरल की शोभा' कविता से ली गई हैं|

छ. किस क्षेत्र में केरल राज्य भारत में प्रथम स्थान पर है?

उत्तर= शिक्षा के क्षेत्र में केरल राज्य भारत में प्रथम स्थान पर है|

ज. केरल का प्रसिद्ध बंदरगाह कौन-सा है?

उत्तर= केरल का प्रसिद्ध बंदरगाह कोचीन है|

मूल्यपरक प्रश्न

* केरल में त्रिशूर पूरम पर्व और ओणम के त्योहार मनाए जाते हैं| त्योहार हमें क्या सीख देते हैं?

उत्तर= त्योहार समाज में खुशियाँ लेकर आते हैं और मेल-जोल बढ़ाते हैं| त्योहारों की उमंग में लोग अपने दुःख भूल जाते हैं| त्योहार शत्रुता का भाव मिटाते है और मिल-जुलकर रहने की सीख देते हैं|

अभ्यास (*Exercises)*

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option ----- (Textbook)*

क. श्रीफल का भंडार कहाँ है?

केरल मुंबई दिल्ली गुजरात

ख. केरल का नृत्य कौन-सा है?

बीहू कथकली कत्थक गरबा

ग. ओणम कहाँ का पर्व है?

केरल दिल्ली राजस्थान उड़ीसा

Ans.= क. केरल ख. कथकली ग. केरल

**2.** सही अर्थों से मिलाइए -

Match them with correct meaning *(Textbook)*

क. Beauty शिक्षा

ख. Education सुंदरता

ग. Dance पर्व

घ. Festival नृत्य

उत्तर = क. सुंदरता ख. शिक्षा ग. नृत्य घ. पर्व

3. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए | (*Notebook)*

*Make sentences with the help of given words.*

क. केरल - केरल सुंदर प्रदेश है|

ख. उद्यान - बच्चे उद्यान में खेल रहे हैं|

ग. तट - समुद्र तट पर लोग बैठे थें|

घ. सागर - सागर में रंग-बिरंगी मछलियाँ हैं|

व्याकरण **(Grammar)** (*Notebook)*

1. दिए गए शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए| (शब्द शुद्धि)

| अशुद्ध | | शुद्ध | अशुद्ध | | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| भनडार | - | भंडार | सुँदरता | - | सुंदरता |
| मीर्च | - | मिर्च | नृतय | - | नृत्य |
| राषट् | - | राष्ट्र | ओनम | - | ओणम |

2. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|

| | | | |
|---|---|---|---|
| आँख- | नेत्र, नयन | चंद्रमा - | चाँद, चंद्र |
| नया - | नवीन, नव | जंगल - | वन, कानन |
| गाय - | धेनु, गौ | बेटा - | पुत्र, लाल |
| पुष्प - | फूल, सुमन | पक्षी - | पंछी, खग |

3. प्रत्यय व मूल शब्दों से शब्द बनाइए|

| मूलशब्द | | प्रत्यय | | शब्द |
|---|---|---|---|---|
| i) सुंदर | + | ता | = | सुंदरता |
| ii) ऊँचा | + | ई | = | ऊँचाई |
| iii) सज | + | आवट | = | सजावट |
| iv) राष्ट्रीय | + | ता | = | राष्ट्रीयता |
| v) मित्र | + | ता | = | मित्रता |
| vi) अपना | + | त्व | = | अपनत्व |
| vii) धन | + | वान | = | धनवान |
| viii) चित्र | + | कार | = | चित्रकार |
| ix) दोस्त | + | ई | = | दोस्ती |
| x) शक्ति | + | शाली | = | शक्तिशाली |

********************